## महत्वपूर्ण एवं खास

### कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे 15 अगस्त को रायगढ़ मिनी स्टेडियम में करेंगे ध्वजारोहण

**रायगढ़।** 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में संसदीय कार्य, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे मुख्य अतिथि होंगे तथा जिला कार्यालय ग्राउण्ड (मिनी स्टेडियम) रायगढ़ में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा तथा स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवार का सम्मान होगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

**कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे का दौरा कार्यक्रम**

संसदीय कार्य, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे 14 अगस्त 2021 को अपरान्ह 3 बजे रायपुर निवास से प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे सर्किट हाऊस रायगढ़ आयेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। कृषि मंत्री चौबे 15 अगस्त 2021 को प्रातः 8.45 सर्किट हाऊस रायगढ़ से जिला कार्यालय ग्राउण्ड मिनी स्टेडियम के लिए प्रस्थान करेंगे एवं प्रातः 9 बजे मिनी स्टेडियम कार्यक्रम स्थल में ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कृषि मंत्री चौबे पूर्वान्ह 11 बजे मिनी स्टेडियम से प्रस्थान कर सर्किट हाऊस आयेंगे एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात वे दोपहर 1.15 बजे सर्किट हाऊस रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### किराना दुकानदार गांजा बेचते पकड़ाया,3 किलों गांजा तथा बिक्री की रकम जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** किराना दुकान में गांजा बेचने की सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 3 किलों गांजा तथा बिक्री की रकम 5000 रुपये जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार कबीर नगर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 12 अगस्त को रात 8 बजे के करीब बाल्मिकी नगर रायपुर में किराना दुकान में गांजा बेचने की सूचना पर मौके पर पहुंच रेड की कार्रवाही कर मोहम्मद एजाज उर्फ बाबू 40 वर्ष पिता मोहम्मद उस्मान निवासी ब्लामिकीनगर के टपरीनुमा किराना दुकान के अंदर एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 3 किलोग्राम गांजा अनुमानित कीमत 45000 रुपये तथा गांजा बिक्री का नगदी रकम 5000 रुपये कुल कीमत 50000 रुपये को जब्त की है।

### सीआईएसएफ के हवलदार ने पिस्टल से गोली मारकर की खुदकुशी,जांच में जुटी पुलिस

**दुर्ग (आरएनएस)।** सीआईएसएफ के हवलदार ने पिस्टल से स्वयं को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग सीआईएसएफ के हवलदार सुदर्शन सिंह ने एनएचपीसीएल शस्त्रागार में खुद के सिर में पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि सीआएसएफ जवान मई माह में अपने गांव हरियाणा से वापस ड्यूटी पर लौटा था। घटना की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट अभी बरामद नही हुआ है। जांच के बाद ही खुदकुशी के कारण का पता चल सकेगा।

# गौठान में कार्यरत समूहों को समय पर भुगतान हो सुनिश्चित-कलेक्टर

» मल्टी एक्टीविटी सेंटर में आजीविका गतिविधियों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

» कलेक्टर ने चारागाह में प्लांटेशन का काम जल्द पूरा करने के दिए निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज पुसौर ब्लाक के ग्राम झलमला गोठान एवं चारागाह तथा ग्राम तरडा स्थित गोठान, चारागाह एवं मल्टीएक्टीविटी सेन्टर का निरीक्षण किया। तरडा के मल्टी एक्टीविटी सेंटर में महिलाओं की रूचि और उत्साह को देखते हुये सिंह ने निर्देशित किया कि जल्द एक्टीविटी की संख्या को बढ़ाये। जिसमें सभी महिला समूह स्वावलंबी बन सके। उन्होंने गौठानों के चारागाह में हरा चारा प्लांटेशन का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गौठान में कार्यरत महिला समूहों का भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश सहकारी बैंक के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर सिंह ने झलमला स्थित चारागाह एवं गौठान का निरीक्षण किया। चारागाह में लगाए गए हरे चारे का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कम रकबा में चारा लगाने पर नाराजगी जताई एवं नेपियर प्लांटेशन का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने गौठान में जल्द रूट्स उपलब्ध करवाने के निर्देश उप संचालक पशु पालन को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौठान में कार्यरत महिला समूह से गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जानकारी ली। समूह की महिलाओं द्वारा बताया कि अब तक 200 क्विंटल वर्मी खाद बेचा जा चुका है। कलेक्टर सिंह ने महिला समूह को मिलने वाली राशि का समय से भुगतान करने के निर्देश बैंक मैनेजर को दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत किए जा रहे पौध रोपण के बारे में भी जानकारी ली। जिस पर गोठान समिति ने बताया कि चारागाह में 620 विभिन्न किस्मों की ईमारती व फलदार पौधे लगाए गए है। इस दौरान समूह की महिलाओं ने गोठान तक जाने का रास्ते को बनाने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर सिंह ने मनरेगा के माध्यम से बनवाने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिए। इस दौरान उन्होंने महिला समूहों को रागी किट का वितरण भी किया।

कलेक्टर सिंह इसके पश्चात तरडा के आदर्श गौठान के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, चारागाह विकास और मल्टी एक्टीविटी सेन्टर के तहत की जा रही गतिविधियों के बारे में महिला समूह से विस्तृत चर्चा की। जिस पर समूह द्वारा बताया गया वर्तमान में गोठान में कार्यरत महिला समूह प्रमुख रूप से वर्मी खाद निर्माण कर रही है। अभी तक 3 लाख के वर्मी बेचा जा चुका है। इसके साथ ही महिलाएं अन्य आजीविका मूलक कार्य भी कर रही है। जिसके अंतर्गत सीमेंट के गमले, अचार, बड़ी, पापड़, चूना, साबुन, सर्फ, अगरबत्ती जैसे प्रोडक्ट भी तैयार किए जा रहे है। इसके साथ ही महिलाओं ने यहां रेशम की कोसा धागा निकालने के लिए रीलिंग मशीन तथा पोल्ट्री का काम शुरू करने की मांग की। जिससे अन्य समूह की महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जा सकता है। जिस पर कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को महिला समूहों को ट्रेनिंग देकर कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। गौठान में गतिविधियों की संख्या बढ़ाने के साथ एक और एक्टीविटी शेड को देखते हुये उन्होंने सीईओ जनपद को शेड निर्माण के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने चारागाह के साथ ही महिला समूहों द्वारा उगाए जा रहे एप्पल बेर एवं सब्जी बाड़ी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अजोला को भी सुखे चारे के साथ आने वाले पशुओं को खिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां क्रेडा द्वारा तैयार किए गए प्री फैब्रीकेटेड बायोगैस प्लांट का भी निरीक्षण किया तथा इससे तैयार हो रहे बायोगैस व उसकी सप्लाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इसे नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कोसमंदा में गिरदावरी कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर सिंह ने अपने प्रवास के दौरान कोसमंदा ग्राम में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने खेतों में जाकर आरआई पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी का मुआयना किया। यहां धान के बदले किसानों द्वारा लगाई गई अन्य फसल के बारे में उन्होंने जानकारी ली। उन्होंने नक्शा-खसरा के आधार पर किसानों द्वारा लगाई गई फसल को देखा। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा किया तथा शासन की योजना के तहत उन्हें लाभ मिलने की बात कही। कृषि अधिकारियों किसानों का समय पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना में पंजीयन करवाने के निर्देश उन्होंने दिए।

## स्टील प्लांट से तीन युवक मोटर सायकल में चोरी कर ले गये थे कीमती केबल वायर, दो गिरफ्तार

» आरोपियों से डेढ़ लाख रूपये का केबल वायर, मोटर सायकल की जप्ती, पूंजीपथरा पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** दिनांक 13/08/2021 को थाना पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा रूपानाधाम स्टील प्रा0 लि0 सराईपाली में दिनांक 12/08/2021 की रात्रि कापर केबल वायर चोरी कर ले जाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 12.08.21 को प्लांट के सुपरवाईजर पुनीत मिश्रा द्वारा दिनांक 12.08.2021 के शाम प्लांट में काम करने वाले संजय चौहान निवासी बकचबा, पप्पू ऊर्फ अशोक सारथी निवासी बरपाली, राकेश सारथी निवासी राबो द्वारा पावर प्लांट में लगे फरनिश का सामान कापर केबल कीमत करीब 1,50,000 रूपये को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 229/2021 धारा 457,380,34 आईपीसी दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आज दोपहर थाना प्रभारी पूंजीपथरा के हमराह स्टाफ द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिये उनके सकुनत पर दबिश दिया गया जिसमें आरोपी 1- अशोक सारथी पिता शनिराम सारथी उम्र 19 साल निवासी बरपाली थाना पूंजीपथरा 2- संजय चौहान पिता चरण सिंह चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी बगचबा थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ को हिरासत में लिया गया, जिनसे चोरी गया कापर केबल कीमत करीब 1,50,000 रूपये एवं चोरी कर ले जाने में प्रयुक्त नई मोटर सायकल एसएफ डीलक्स बिना नम्बर की जप्ती की गई है।

## 5.5 किलो गांजा के साथ दो अंतरप्रांतीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के रास्तों से गांजा का अवैध परिवहन करना तस्करों के लिये आसान नहीं है, रायगढ़ पुलिस की सतर्कता से लगातार तस्कर पकड़े जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर ओड़िशा सीमा से लगे हुये सभी थानाक्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यही कारण है कि सरिया थाना प्रभारी विवेक पाटले के नेतृत्व में लगातार सरिया पुलिस गांजा तस्करी रोकने में सफल रही है। दिनांक 12/08/2021 को टीआई विवेक पाटले एवं टीम द्वारा दो युवकों को मोटर सायकल पर गांजा लाते पकड़ा गया है, जिनसे



05 किलो 500 गांजा एवं मोटर सायकल पैशन प्रो की जप्ती की गई है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 12/08/21 को थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले को मुखबिर से सूचना मिला कि 02 लडके मोटर सायकल पैशन प्रो में गांजा लेकर उडिसा तरफ से बोरीदा होकर बिक्री करने ले जा रहे है। सूचना विश्वसनीय होने से तत्काल थाना प्रभारी स्टाफ के साथ नाकेबंदी के लिये रवाना हुये और बोरिदा के पास छिपकर तस्करों के इंतजार करने लगे, करीब 15/30 बजे मोटर सायकल पैशन प्रो सीजी 12- एन- 8991 में 02 व्यक्ति आये, जिन्हें पुछताछ करने पर अपना नाम पता नाम 1. राम सरकार कश्यप पिता रामधन कश्यम उम्र 33 वर्ष साकिन भदरीपाली थाना चांपा जिला जांजगीर चांपा 2. मनोज कुमार केवंट पिता कुशल प्रसाद केवंट उम्र 22 वर्ष साकिन कमरीद थाना सारागांव जिला जांजगीर चांपा बताये जिनके कब्जे से 05 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती 27, 500 रूपये मिला। आरोपितों से अवैध गांजा बा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की जब्ती की गई है। आरोपितों ने लंबे समय से अवैध कारोबार में संलिप्तता की बात स्वीकारी है। कामयाबी पाने वाले टीम की अगुवाई टीआई विवेक पाटले द्वारा की गई, उनके साथ सहायक उप निरीक्षक माधव साहू, आरक्षक खिरेन्द्र जलतारे, महादेव बंजारा, राजकुमार साव, भगतराम टंडन की अहम भूमिका रही है।

## जिले में वरदान साबित हो रही शासन की मध्यान्ह भोजन योजना

» जिले में 2922 शालाओं में हो रहा मध्यान्ह भोजन का सुचारू संचालन



**रायगढ़।** स्कूली छात्रों के लिए शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले में अनुदान/शासकीय 1985 प्राथमिक शाला, 919 अपर प्राथमिक शाला तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला 09 एवं अपर प्राथमिक शाला 09 इस प्रकार कुल 2922 शालाओं में मध्यान्ह भोजन योजना वर्तमान में संचालित हो रही है।

मध्यान्ह भोजन योजना के लिए सभी शालाओं में महिला स्व-सहायता समूह कार्यरत है तथा 5304 रसोईया मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिसमें अध्ययनरत लगभग 1 लाख 42 हजार 856 विद्यार्थियों को कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करते हुए स्वच्छ, पौष्टिक एवं गरम मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू के अनुसार तथा स्थानीय उपलब्धता के आधार पर प्रति दिवस खिलाया जा रहा है। जिस कारण जिले के शासकीय/अनुदान प्राप्त शालाओं में अध्ययनरत बच्चे उत्साह के साथ विद्यालय पहुंच रहे हैं तथा मध्यान्ह भोजन का लाभ ले रहे हैं।

मध्यान्ह भोजन में सभी आवश्यक विटामिन, प्रोटीन एवं कैलोरी समावेशित खाद्य पदार्थों का वितरण किया जा रहा है। जिस हेतु गत सत्रों से विद्यालयों में किचन गार्डन को जन सहयोग से बढ़ावा दिया गया है। जिससे भी तत्कालीन समय में ताजी सब्जियों की उपलब्धता अधिकांश विद्यालयों में बनी रही। रायगढ़ जिले में कोविड-19 के भीषण संक्रमण काल में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार सूखा राशन का वितरण शिक्षकों द्वारा समूह के सहयोग से व्यवस्थित पैकेट बनाकर घर-घर जाकर किया गया। जिसमें सूखा राशन वितरण के अंतर्गत बच्चों को चावल, दाल, तेल, आचार, सोया बड़ी एवं नमक भी दिया गया तथा पूरक आहार के रूप में चिकी का वितरण भी किया गया है। जिसका लाभ सीधे तौर पर निचले तबके, गरीब तथा कामकाजी पालकों के एवं पलायन कर गए पालकों के उपलब्ध बच्चों तथा कुपोषित बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए शासन द्वारा विटामिन प्रोटीन एवं कैलोरी युक्त मध्यान्ह भोजन का वितरण किया जा रहा है। जिससे विद्यालय में बच्चों की संख्या तथा ठहराव दोनों में सतत् वृद्धि हो रही है। विकसित पल्लवित हो रहे बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन योजना वरदान साबित हो रही है।

## कैम्पर पिकअप-बाईक में टक्कर: एक की मौत, दो घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के पाली थानांतर्गत तिवरता मेन रोड में कल मध्यान्ह अज्ञात कैम्पर पिकअप ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे कि बाइक चला रहे नाना की हादसे में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि उसकी नाती एवं भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका निजी अस्पताल में उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार पाली थानांतर्गत ग्राम करतली निवासी रामप्रसाद यादव उम्र 65 पिता बैसाखू यादव अपने भतीजा रामरतन यादव उम्र 22 तथा नाती अविनाश उम्र 4 वर्ष को बाइक में लेकर जा रहा था। कल दोपहर तिवरता के पास मेन रोड में अज्ञात कैम्पर पिकअप चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए पाली स्थित निजी चिकित्सालय नायक क्लीनिक में ले जाया गया। यहां वृद्ध रामप्रसाद यादव की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल दोनों का उपचार जारी है।

बताया जाता है कि इस मामले में पाली सीएचसी के वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर पाली पुलिस ने मर्ग क्रमांक 0-21 एवं सीआरपीसी धारा 174 कायम कर लिया है। इसके अलावा इस मामले में धारा 304, 279, 337 भादवि के तहत अज्ञात कैम्पर चालक के विरूद्ध दुर्घटना के दौरान मृत्युकारित किये जाने का जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## सारंगढ़ पुलिस ने 46 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

» पुसौर पुलिस ने पकड़ा 40 लीटर महुआ शराब जब्त




**रायगढ़।** अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही के क्रम में दिनांक 12/08/2021 को सारंगढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम टिमरलगा के गौरव सिदार के घर छापेमारी किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि गौरव सिदार अपने घर में भारी मात्रा में अवैध शराब बनाकर बिक्री हेतु रखा है। पुलिस की रेड कार्रवाई दौरान आरोपी गौरव सिदार पिता सुखराम सिदार उम्र 31 वर्ष साकिन टिमरलगा थाना सारंगढ़ के घर आंगन में जुमला 46 लीटर महुआ शराब, कीमती करीब 4,600 रुपए मिला, जिसकी जप्ती कर आरोपी को थाना लाया गया। आरोपी पर धारा 34(2), 59(क) आबकरी एक्ट की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

पुसौर थाने के प्रधान आरक्षक मो.दिलदार कुरैशी एवं हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 12.08.21 को मुखबिर सूचना पर आरोपी आरोपी केशव माली एवं कुमार मेहर को पडिगांव मुख्य द्वार के पास मेन रोड पर मोटर सायकल के बीच में प्लास्टिक बोरी के अंदर पॉलिथिन में महुआ शराब लेकर जाते हुए पकड़ा गया। आरोपीगण (1) केशव माली पिता आनंदराम माली उम्र 29 वर्ष (2) कुमार मेहर पिता सन्यासी मेहर उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी मालीपारा चन्द्रपुर थाना चंद्रपुर जिला जांजगीर चांपा के पास से 40 लीटर महुआ शराब, कीमती 4,000 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त एक होण्डा साईन मोटर सायकल सीजी-04-केवाई-0876 को जप्त कर आरोपियों पर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर पुसौर पुलिस द्वारा आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

## कलेक्टर सिंह ने पुसौर अंग्रेजी मीडियम स्कूल का किया निरीक्षण, बच्चों को दिए सफलता के टिप्स

» ढ़ाई करोड़ की लागत से तैयार हो रहे पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का कलेक्टर सिंह ने किया निरीक्षण



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह आज पुसौर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने छात्रों से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें सफलता के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि हम अच्छा स्कूल तैयार कर रहे है, बिल्डिंग को अपग्रेड किया जा रहा है, शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। लेकिन सही मायनों में अच्छा रिजल्ट ही स्कूल को बेहतर बनाता है। इसके लिए आप सभी बच्चों को खूब लगन व मेहनत से पढ़ाई करना है। रोजाना अपने होम वर्क कम्पलीट करना है। किसी भी विषय में दिक्कत हो तो उसे अपने शिक्षकों से पूछे व समझे। उन्होंने कहा कि अच्छी स्कूली शिक्षा से आपके उज्जवल भविष्य का आधार मजबूत होगा। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का भी जायजा लेते हुये सभी कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत छात्रों से बात की। उनसे पढ़ाये जा रहे विषय के बारे में उन्होंने सवाल-जवाब किए। ऑनलाईन क्लासेस में कम्पलीट किए गए कोर्स के बारे में जानकारी ली। कक्षा में कुछ बच्चे पहले प्रायवेट स्कूल में अध्ययनरत थे। उन्होंने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में अपने पढ़ाई के अनुभव को बेहतर बताया। कलेक्टर सिंह ने सभी बच्चों को कोविड प्रोटोकाल का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए कहा। उन्होंने सभी शिक्षकों को पूरी लगन से पढ़ाने व समय से कोर्स कम्पलीट करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्कूल में ब्लैक बोर्ड को चेंज करने व कक्षाओं में पंखे, ट्यूब लाईट पर्याप्त संख्या में लगाने के लिए कहा। उन्होंने छात्रों के लिए सुविधाजनक शौचालय व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में पीडब्लूडी के इंजीनियर से जानकारी ली। बताया गया कि स्कूल भवन के एक हिस्से में फ्लोरिंग का काम जारी है। इसी के साथ पुरानी बिल्डिंग में भी निर्माण कार्य किया जाना है जिसके लिए कक्षायें वहां से शिफ्ट करने की आवश्यकता है। कलेक्टर सिंह ने बीईओ को तत्काल कक्षाओं को दूसरी बिल्डिंग में लगाने के निर्देश दिए तथा पुराने बिल्डिंग को जल्द डिस्मेंटल कर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा।

पुसौर सीएचसी निर्माण का लिया जायजा

कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर पुसौर में ढ़ाई करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की नयी बिल्डिंग सीएसआर से बनायी जा रही है, जिसके निर्माण कार्यों का आज उन्होंने निरीक्षण किया। बीएमओ ने बताया कि अस्पताल के पुराने बिल्डिंग को तोड़ा जा रहा है। जिसके पश्चात ले-आउट का कार्य किया जाएगा। वर्तमान में अस्पताल पुसौर के मंगल भवन में संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह इसके पश्चात मंगल भवन में संचालित अस्पताल के निरीक्षण में पहुंचे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480